तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 30 मार्च 2024



11 टीबी के 27 प्रतिशत मामले भारत में





12 रबी फसल की खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध करें




## खबर संक्षेप

### मोई हुड्डा में महिला से मारपीट, मवेशी ले गए

**गोहाना।** गांव मोई हुड्डा में एक महिला से घर में घुसकर मारपीट की और आरोपित मवेशी खोल ले गए। महिला को स्वजन अस्पताल लेकर गए। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। पूजा ने पुलिस को बताया कि उसके पति राजबीर मवेशियों की खरीद-फरोख्त करते हैं। उसके पति ने लगभग चार माह पहले कृष्ण से एक भैंस खरीदी थी, जिसके अभी तक पैसे नहीं दिए हैं। गांव का प्रदीप, सोमवपाल, संदीप, कृष्ण और अन्य स्वजन उनके घर आए। उससे मारपीट की गई। आरोपित घर से मवेशी खोल ले गए और जान से मारने की धमकी भी दी। स्वजन उसे नागरिक अस्पताल गोहाना लेर गए, जहां से उसे बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार



**सोनीपत।** मादक पदार्थ तस्करी के मामले में संलिप्त आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पप्पू निवासी मुरली बिहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेश ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान मुरथल पुल के पास मौजूद थी। उसी दोरान पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया था। उसके पास से एक किलो 922 ग्राम मादक पदार्थ मिला था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को पुलिस ने अब गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार




**खरखौदा।** पुलिस ने थाना कलां मार्ग पर एक युवक को अवैध पिस्तौल व एक गोली के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना कलां मार्ग बने जलघर के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की तो युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व एक गोली बरामद हुई। युवक ने अपनी पहचान खरमान, बहादुरगढ़ निवासी सागर के रूप में दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जेल वार्डर के दस्तावेज लेकर लिया 11 लाख का लोन, खाते से नकदी भी उड़ाई

**तिहाड़ जेल में वार्डर है कुमासपुर की युवती**

**खाते को केवाईसी कराने के नाम पर एक्सिस बैंक का कर्मी बनकर भरत नाम के युवक ने की बातचीत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। सरकारी कर्मचारी से लेकर आमजन को ठग लाखों रुपये का चुना लगा रहे है। जेल वार्डर को झांसे में लेकर उनके बैंक खाते व अन्य जानकारी लेने के बाद उन्हें लाखों रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है।

- पीड़िता के बयान पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

### साइबर ठगों ने बनाया शिकार

पीड़िता के बैंक खाते को केवाईसी कराने के नाम पर उनके बारे में सभी जानकारी लेकर साइबर ठगों ने उनके नाम पर 11.77 लाख रुपये लोन लेकर उस राशि को निकाल लिया। बाद में उनके खाते में जमा नकदी भी निकाल ली गई। पीड़िता के बयान पर साइबर थाना सेक्टर-23 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव कुमासपुर निवासी युवती ने बताया कि वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में वार्डर है। उनका बैंक खाता एक्सिस बैंक की दिल्ली शाखा में है। जिसमें उनका वेतन मिलता है। उनके बैंक खाते में 22316 रुपये थे। उनके पास 20 मार्च को एक मोबाइल नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताते हुए अपनी पहचान भरत कुमार के नाम से दी। उसने कहा कि आपके बैंक खाते में केवाईसी अपडेट नहीं हैं। उसने अपडेट के नाम पर उनके व्हाट्सएप पर कुछ लिंक भेजे। हालांकि आरोपी ने फिर खुद ही उन्हें डिलीट कर दी। फिर उसने भरोसा जताने के लिए अपना बैंक का पहचान पत्र उनके नंबर पर भेजा।

उसने एक्सिस बैंक का एप डाउनलोड करने को कहा और उनके खाते को केवाईसी करवाने नाम पर उनसे जानकारी ले ली। उसके बाद उनके साथ ठगी कर दी। भरत नाम के साइबर ठग ने उनसे उनकी जन्म तिथि, पेन कार्ड और डेबिट कार्ड का नंबर मांगा। उन्होंने केवाईसी कराने के झांसे में उसे यह जानकारी दे दी। उसके बाद उन्हें कहा गया कि 72 घंटे में केवाईसी अपडेट हो जाएगा। साइबर ठग ने उनके बारे में जानकारी लेने के बाद उनके बैंक खाते में दर्ज उनकी मेल आईडी व मोबाइल नंबर बदल लिया। उसके बाद उनके अकाउंट नंबर पर ऑनलाइन तीन बार लोन ले लिया। साइबर ठग ने 20 मार्च को 9,77,500 रुपये, 99,998 रुपये व 99,995 रुपये लोन लिया। उनके फर्जी कागजात तैयार कर कुल 11,77,493 रुपये का नाम लोन लिया गया। साइबर ठग ने उनके खाते में 23 मार्च 30 हजार रुपये भी डाल दिए थे। उसके बाद साइबर ठग ने उनके खाते में जमा 22, 316 रुपये, 30 हजार रुपये व लोन की राशि अलग-अलग बैंक खातों में डाल ली। ठगी का पता लगने पर उन्होंने पुलिस को अवगत कराया।



### जल्द गिरफ्तार करेंगे

महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। लोगों से अपील है कि ऑनलाइन किसी को अपने खाते व लोभ-लालच में आकर किसी को जानकारी शेयर न करें।

**-एसआई संजय कुमार**, जांच अधिकारी सेक्टर-23 साइबर थाना

# पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से फिर मंडराया फसलों पर खतरा

## दिन भर गर्मी की तपिश, देर शाम मौसम बदलने से बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

उत्तर भारत में मौसम के बदलाव के चलते गर्मी की तपिश देखने को मिलने लगी है। शुक्रवार को दिन भर गर्मी की तपिश के बाद देर शाम को मौसम में बदलाव देखने को मिला। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में शुक्रवार शाम को एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। जिसके कारण 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज हवाओं के साथ-साथ दो दिनों तक छिटपुट बुंदाबांदी होने के आसार बन गए है। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुसार अब बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। शुक्रवार को सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर 31 मार्च तक बना रहेगा, जबकि उसके बाद 2 अप्रैल को फिर से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। दरअसल, पिछले कई दिनों से तेज धूप निकलने के कारण दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक पहुंच गया था। यही नही न्यूनतम तापमान भी 18 डिग्री के आसपास बना हुआ था। ऐसे में जिला वासियों को रात को भी अब पंखे चलाने पड़ गए थे। लेकिन शुक्रवार शाम को मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदल गया और आसमान में काले बादल छाए रहे। जिसके कारण शनिवार को बूंदबांदी के आसार पैदा हो सकते हैं।

### गेहूं को पहले हो चुका नुकसान


मौसम के बदले मिजाज से एक बार फिर से किसानों की चिंता बढ़ गई है। मार्च माह की शुरूआत में हुई बरसात और ओलावृष्टि के कारण सोनीपत जिले में गेहूं और सरसों की फसल में काफी नुकसान हुआ था। किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर भी मुआवजे के लिए 56 हजार से अधिक एकड़ भूमि का पंजीकरण करवाया हुआ है।

### सरसों को भी खतरा

मौजूदा समय में सरसों की फसल पककर तैयार हो चुकी है, किसान कटाई व कढ़ाई करने में जुटे हुए है। ऐसे में अगर बरसात होती है तो किसानों को नुकसान झेलना पड़ सकता है। सोनीपत जिले में 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई किसानों द्वारा की गई है। गेहूं की फसल कई जगहों पर लगभग पक चुकी है। अप्रैल माह के पहले सप्ताह में कटाई प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है।

### विभाग ने अलर्ट किया जारी

वहीं सरसों लेकर किसान मंडियों में पहुंच रहे हैं। ऐसे में बरसात होने पर किसानों को नुकसान झेलना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें 40-50 किलो मीटर प्रति घंटे की तरफ से तेज हवाएं चलेगी। विभाग की तरफ से चरखी दादरी, गुरूग्राम, झज्जर, महेंद्रगढ़, मेवात, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक व सोनीपत में मौसम के बदलाव की चेतावनी जारी की गई है। मौसम खराब होने के चले किसानों की चिंता बढ़ गई है। पहले से नुकसान झेल रहे किसानों को गेंहू की पकी फसल को लेकर डर सताने लगा है।



**सोनीपत।** देर शाम ऐसे बदला मौसम।

### शहर में जगह- जगह जलभराव, परेशानी

शहर में देर शाम को मौसम में बदलाव देखने को मिला। तेज हवाओं व गर्जना के साथ बारिश हुई। बारिश के चलते शहर के अलग-अलग स्थान गीता भवन चौक, शनिमंदिर, सुभाष स्टेडियम के सामने गोहाना रोड, ककरोई रोड सहित अन्य सड़क मार्गो पर जल भराव की स्थिति देखने को मिली। वहीं बारिश व तेज हवाओं के चलते किसानों को गेंहू व सरसों की पकने वाली फसल को लेकर चिंता सताने लगी है। दो दिन बाद मंडी में गेंहू की फसल की खरीद शुरू होने वाली है। ऐसे में बारिश के चलते गेंहू व सरसों की फसल में नमी की मात्रा बढ़ेगी। जिसके चलते मंडी में किसानों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठग लिए 11 लाख रुपये

**सोनीपत।** जटवाड़ा निवासी कुलदीप खत्री ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी थी कि उनकी मौसी रोहतक के गांव सांघी में है। वहीं रोहतक के गांव गिझी निवासी सुमन की बहन उनकी मौसी के पड़ोस में रहती हैं। उनके माध्यम से उनकी पहचान सुमन और उनके पति जितेंद्र से हुई थी। जितेंद्र व सुमन ने उनको मार्च, 2021 में सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। उन्होंने उनके बेटे कुशल खत्री को हरियाणा पुलिस में नौकरी लगवाने की बात कही। इस पर उन्होंने सितंबर, 2021 में दो लाख रुपये, नवंबर 2021 में एक लाख रुपये, मार्च 2022 में तीन लाख रुपये, जून 2022 में पांच लाख रुपये जितेंद्र के बेटे व बेटी को गांव सांघी में दिए थे। सितंबर 2022 तक वह कुल 11 लाख रुपये ले चुके थे। नौकरी नहीं मिलने पर उनको कहा गया था कि वह उत्तराखंड के रहने वाले नवनीत व विधानसभा की महिला अधिकारी को जानते हैं। उन्होंने उनके बेटे को उत्तराखंड विधानसभा में नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। उन्हें मेल भेजकर नियुक्ति के बारे में बताया था। कुशल खत्री को उत्तराखंड बुलाया गया था। वहां पर उसकी मुलाकात महिला से कराई थी। उन्हें एक नियुक्ति पत्र सौंप दिया गया था। नवनीत के खाते में दो बार पांच-पांच लाख रुपये, फिर सवा लाख दिए गए थे। उनसे कुल 24.25 लाख रुपये ले लिए गए थे। बाद में पता लगा था कि नियुक्ति पत्र व पहचान पत्र फर्जी था। उसके बाद उन्होंने शिकायत देकर 9 अगस्त, 2023 को मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने सुमन व उसके पति जितेंद्र को गिरफ्तार कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### वेस्टराम नगर में मकान से आभूषण चोरी

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के वेस्टराम नगर में मकान मालिक घर का सामान दूसरे मकान में शिफ्ट करने के बाद अपनी बहन को दिल्ली छोड़ने के लिए चला गया। चोरों ने मकान से हजारों रुपये की राशि व लाखों रुपये कीमत के जेवरातों को चोरी कर लिया। वेस्टराम नगर निवासी उदय ने बताया कि वह पहले वाले मकान से दूसरे मकान में सामान शिफ्ट कर रहा था। रात को सामान शिफ्ट करने के बाद अपनी बहनों को उत्तम नगर दिल्ली छोड़ने के लिए चला गया। रात को करीब 12.30 बजे घर पर वापिस आया। उसकी मां ने सामान की जांच की तो घर से तीन जोड़ी पाजेब चांदी, एक सोने की माता की चैन, आठ जोड़ी चुटकी, पांच चांदी के सिक्के, एक जोड़ी कानों की बाली, 25 तोले की कुडली, एक सोने की अंगूठी गायब मिली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मान्यता के नए नियमों से स्कूल संचालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

30 वर्षों से प्राइवेट स्कूल संचालकों ने मान्यता के नए नियमों के चलते स्कूलों को बंद होने से बचाने की गुहार को लेकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन को शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन पत्र सौंपा और मांग की कि नए नियम पुराने स्कूलों पर लागू नहीं होने चाहिए। शुक्रवार को राजीव जैन के कैंप कार्यालय में पंहुचकर अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि सरकार 10 वर्ष पहले ली गई मान्यता को भी खत्म करके दोबारा मान्यता लेने के आदेश जारी किये गए हैं जोकि सरासर नाइंसाफी है। ज्ञापन में लिखा है कि हमारे स्कूल शहर के वयसतम इलाकों में है और मान्यता के नए नियमों के अनुसार जमीन खरीदकर नई शर्तें पूरी करना असंभव काम है। पीड़ित स्कूल संचालकों ने बताया कि जिले में लगभग डेढ़ सौ स्कूल हैं जिनको शिक्षा विभाग द्वारा नोटिस भेजा जा रहे हैं। स्कूल संचालकों ने बताया कि हम अधिकांश गरीब बस्तियों में स्कूल चला रहे हैं और शिक्षा के साथ साथ संस्कार और रोजगार भी दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमें पिछले 15 वर्ष से हर बार मोहलत तो दे दी जाती है, परन्तु स्थायी मान्यता नहीं दी जाती है जिससे हमारे ऊपर स्कूल बंद होने की तलवार लटकती रहती है। राजीव जैन ने आश्वाशन दिया कि नई शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से इस सम्बन्ध में बातचीत कर समस्या का समाधान करवाया जायेगा। इस दौरान किरण अरोड़ा, जगदीश, नंदलाल गौतम, ललिता, राममेहर, मैहर सिंह, मनोज चावला आदि उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** भाजपा नेता को ज्ञापन देते हुए स्कूल संचालक।

# मुआवजा जल्द देने की मांग

**खरखौदा।** क्षेत्र में 2 मार्च को हुई भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर विभिन्न गांव के किसान तहसीलदार मनोज कुमार से मिले। किसानों ने मुआवजे को लेकर पूछा कि जिन किसानों को ओलावृष्टि के कारण नुकसान पहुंचा है उसकी क्या कार्रवाई चल रही है। तहसीलदार मनोज कुमार ने बताया कि 25000 किसानों की पोर्टल पर नुकसान की जानकारी मिली है । उनमें से 8000 किसानों का डाटा अपडेट कर दिया गया है, बाकी बचे 17000 किसानों का विवरण 30 मार्च तक अपडेट कर दिया जाएगा। 4 अप्रैल को कमिश्नर खराब हुई फसल का मुवावजा देने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। इस अवसर पर राजे, जिंदर, कृष्ण, रमेश , सिसाना, देवेंद्र ,प्रदीप ,सुनील, विकेश रोहना , प्रवेश खांडा , लेखराम झरोठी, सतीश थाना कलां, संजय थाना खुर्द, आशीष बरोना,दीपक, राहुल, बिजेंद्र फौजी, कुलदीप, सुखबीर, नीरज भूपेंद्र मेहर सिंह, शमशेर मटिंडू ,बुद्ध सिंह , काला छिनौली व अन्य किसान मौजूद रहे।



# रेलवे रोड पर दुकानों व रेहड़ियों के अतिक्रमण से जाम में फंस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

शहर के सबसे व्यस्त रेलवे रोड पर रेहड़ी वालों व दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण के कारण प्रतिदिन जाम लगने के कारण वाहन चालक परेशान रहते है। परेशान लोगो का आरोप है कि इस तरफ नगरपालिका व पुलिस कोई ध्यान नही दे रही। जिस कारण अतिक्रमण करने वालों के हौसल्ले दिन- प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है। वाहन चालक सुरेश, सतबीर, महेन्द्र, रणबीर ने बताया कि दोपहर के समयच जब स्कूल की छुट्टी का समय होता है तो

जाम के कारण जैन गली से लेकर रेलवे स्टेशन तक रेलवे रोड से निकलना मुश्किल हो जाता है। उनका कहना कि रही सही कसर ई रिक्शा चालक पूरी कर देते है। ई रिक्शा चालकों की मनमानी भी जाम को लगाने में विशेष भूमिका निभाती है। जाम लगने का कारण यहां से पैदल गुजरने वाले लोग भी ऐसे हालात में प्रशासन व सरकार को कोसते रहते है। उनका कहना कि नगरपालिका द्वारा बाजार में अतिक्रमण हटाओं अभियान इस तरह से चलाया जाता है कि वह केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण व रेहड़ियों को हटाने को लेकर नगरपालिका सुध नहीं लेता। सड़क पर अवैध पार्किंग भी बनी रहती है। वाहन चालक प्रेम कुमार, दुकानदार ने बताया कि जाम की स्थिति यहां एक दिन की नहीं है। हर रोज इस सड़क पर जाम लगा रहता है। नगरपालिका को इस सड़क की ओर ध्यान देना चाहिए ।



### नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करेंगे

शहर में अतिक्रमण व प्रतिदिन लगने वाले जाम को लेकर नगरपालिका अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए जाएंगे। एसडीएम ने कहा कि रेलवे रोड पर अतिक्रमण करने वाले खुद अपने सामान को हटा ले और रेहड़ी वाले भी निर्धारित जगह में रेहड़ी लगाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

**सोनीपत।** जिले में लग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में जहां दो लोगों की मौत हुई तो एक राई के पास हादसे में मारा गया । पुलिस ने दो शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। तीसरे शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

दूसरे हादसे में गांव जांटी कलां निवासी नवीन की कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में हुए हादसे में मौत हो गई। जांटी कलां निवासी अमित ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह अपने भाई नवीन के साथ स्कूटी पर सवार होकर कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में आए थे। उनके भाई ने उन्हें स्कूटी से उतार दिया और आगे चला गया। कुछ दूर जाते ही एक ट्रक ने उनके भाई की स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्होंने अपने भाई को देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दूसरे मामले में जीटी रोड पर राई के पास अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। राई के पास दुकान चलाने वाले रोहतक के गांव गांधरा निवासी सचिन ने पुलिस को बताया कि अज्ञात वाहन व्यक्ति को टक्कर मारकर भाग गए। जिससे वह व्यक्ति बेहोश हो गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव की पहचान नहीं हो सकी है। राई थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

- पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

**लूट के मामले में था आरोपित, पानीपत से दबोचा**

# 5 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला क्राइम यूनिट सेक्टर-3 पुलिस ने बड़ी थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात में शामिल फरार आरोपित व पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पवन निवासी बाल्मीकि बस्ती भापरा पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मुंबई निवासी अशीष ने 18 सितंबर 2019 को पुलिस से शिकायत देकर बताया थ कि उसका कोरियर व प्लास्टिक दाना बनाने का काम है। उसके पास चांदनी चौक दिल्ली निवासी केवाराम व महिंद्र पटेल काम करते है। दोनों को काम के सिलसिले में रुपये लेने के लिए समालखा पानी में बिजेंद्र के पास भेजा। दोनों उनके कार्यालय में करीब 11 बजे पहुंचे गए थे। वहां से 11 लाख रुपये की राशि लेकर टैक्सी में बैठकर दिल्ली के लिए रवाना हुआ। गन्नौर के पास बिना नंबर प्लेट की गाड़ी ने उनकी गाड़ी को रूकवा लिया। गाड़ी से चार लड़के हथियार सहित उतरे। उन्होंने दोनों कर्मचारियों पर पिस्तौल तान दिया। उसके बाद लाखों रुपये की राशि को लेकर फरार होने लगे। विरोध करने पर केवाराम को लाठी मारकर घायल कर दिया। उसके बाद धमकी देकर फरार हो गए। बड़ी थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक आजाद, जोगेंद्र, अश्विनी,सिपाही नरेंद्र की टीम ने वारदात में शामिल आरोपित पवन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पर पांच हजार रुपये का ईनाम रखा हुआ था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया।



एंज्वॉयमेंट

हम सिर्फ फर्स्ट अप्रैल को ही नहीं अकसर ही आपस में प्रैंक करके एंज्वॉय करते हैं। टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी ऐसा करते हैं। यहां जारा वारसी और इवान दीक्षित बता रहे हैं, जब उन्होंने फैंक किया या उनके साथ प्रैंक हुआ।

# बड़ा मजा आया जब किया मजेदार प्रैंक



## फूल बनाया ही नहीं बनी भी : जारा वारसी



**जारा वारसी** इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। उससे यह पूछने पर कि क्या उसने कभी किसी को अप्रैल फूल बनाया है या वह बनी है, या फिर किसी के साथ प्रैंक किया है तो सबसे पहले उसने जो प्रैंक किया था, हंसते हुए उसके बारे में बताती है, 'हां मैंने प्रैंक किया है। हमारे शो में दरोगा हप्पू सिंह का कैरेक्टर करने वाले योगेश त्रिपाठी जी अपने मजेदार प्रैंक्स से हमेशा हम सब को हंसाते रहते हैं। लेकिन एक दिन, मैंने उनके साथ प्रैंक करने का प्लान बनाया। वह हमारे प्रैंक में फंस भी गए। एक सीन की शूटिंग के दौरान मैंने उनसे कहा कि आपकी मूंछें थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इतना सुनते ही उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट को मूंछें ठीक करने के लिए बुला लिया। थोड़ी देर बाद मैंने उनसे फिर कहा कि आपकी मूंछें अभी भी थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इसके बाद उन्होंने आईना मंगवाया और मेकअप आर्टिस्ट को फिर से मूंछें ठीक करने के लिए कहा। वह इतने कॉन्शस हो गए कि थोड़ी-थोड़ी देर बाद वह मुझसे पूछते कि अब तो मूंछें ठीक हैं ना? वह शो के डायरेक्टर के पास भी चले गए। उनसे पूछा कि कैमरे पर मेरी मूंछें ठीक लग रही हैं ना? डायरेक्टर चौंके और बोले कि ठीक तो लग रही हैं, लेकिन आप फिर से अपनी मूंछें फिक्स करना चाहें तो कर सकते हैं। वह बार-बार अपनी मूंछों को ठीक किए जा रहे थे। उन्हें ऐसे करते देखकर हमें हंसी आ रही थी। पैक-अप के बाद आखिरकार मैंने उन्हें बता दिया कि उनकी मूंछें बिल्कुल सही थीं, मैं उनके साथ प्रैंक कर रही थी। यह सुनकर वह पहले तो थोड़ा-सा नाराज हुए फिर हंसने लगे।'

जारा वारसी एक और प्रैंक का किस्सा बताती है। इस बार उसके एक दोस्त ने उसके साथ प्रैंक किया और वह फूल बनी। जारा हंसते हुए बताती है, 'यह प्रैंक पहली अप्रैल को हम दोस्तों के साथ किया गया था। हमारे एक दोस्त ने मुझे और मेरे कुछ दोस्तों को अपने घर यह कह कर बुलाया कि उसका जन्मदिन है। उसने एक थीम पार्टी रखी है, जिसमें हमें सुपरहीरो की ड्रेस पहनकर आना है। मैं और मेरे दोस्त सभी अलग-अलग सुपरहीरो की ड्रेस में बहुत उत्साह के साथ उसके घर पहुंचे। वहां पहुंचकर हमें पता चला कि आज फर्स्ट अप्रैल है। हमें 'अप्रैल फूल' बनाया गया है। लेकिन मेरे दोस्त की मम्मी ने हमारे लिए बहुत टेस्टी डिशेज बना रखी थीं, हमें खिलाई। उन डिशेज को खाकर बहुत मजा आया।' *

## गिफ्ट देकर किया प्रैंक इवान दीक्षित



**इवान दीक्षित,** आजकल सोनी सब चैनल के शो 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' में शौर्य की भूमिका में खूब रंग जमा रहा है। इवान भी अपने द्वारा प्रैंक किए जाने का किस्सा बताता है, 'मैंने अपने शो में डॉक्टर ध्रुव का रोल करने वाल ईशान धवन के साथ एक बार प्रैंक किया था। मैंने उन्हें एक बड़ा सा डिब्बा यह कहकर दिया कि इसमें उनके लिए गिफ्ट है। उन्होंने बड़े उत्साह से डिब्बा खोला। उसमें से एक पंचिंग ग्लव बाहर निकल आया, जिसने ध्रुव भैया के चेहरे पर पंच मारा। ध्रुव भैया का चेहरा देखने लायक था। हम सभी यह देखकर जोरों से हंस पड़े। ध्रुव भैया ने थोड़ी नाराजगी जरूर दिखाई फिर वे भी हंस पड़े। यह प्रैंक न केवल ध्रुव भैया के लिए बल्कि हम सभी के लिए एक मजेदार एक्सपीरियंस था। जहां तक फर्स्ट अप्रैल यानी फूल्स डे की बात है तो यह एक ऐसा मौका होता है, जब लोगों को एक-दूसरे के साथ मजाक करके हंसने-खिलखिलाने का चांस मिलता है। *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

हंसो-हंसाओ/ अनुराग मनींद्र

# अप्रैल फूल बनाने के मजेदार आइडियाज



बच्चों, 1 अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को 'अप्रैल फूल' बनाते हैं, खूब मजे लेते हैं, हंसते-हंसाते हैं। हम तुम्हारे लिए 'प्रैंक्स' के कुछ मजेदार आइडियाज लेकर आए हैं। तुम इन्हें फॉलो कर अपने दोस्तों को 'अप्रैल फूल' बनाकर एंज्वॉय कर सकते हो।

**इंटरेस्टिंग गेम के नाम पर प्रैंक:** 'आज हम एक नया और इंटरेस्टिंग गेम खेलेंगे', फोन पर तुम यह बोलकर अपनी कॉलोनी के दोस्तों को पार्क या प्ले-ग्राउंड में बुलाओ, लेकिन तुम वहां मत पहुंचो। जब तुम्हारे दोस्त ग्राउंड में पहुंचकर तुम्हें कॉल करें तो तुम कॉल रिसीव करो लेकिन बिना कुछ बोले म्यूजिक सिस्टम या किसी दूसरे मोबाइल में गाना बजा दो- 'अप्रैल फूल बनाया!' इस तरह तुम एक साथ कई सारे दोस्तों को एक साथ 'अप्रैल फूल' बना लोगे।

**अजीब स्वाद वाला प्रैंक:** बच्चों तुम क्रीम बिस्किट का पैकेट ले आओ और उसकी क्रीम की लेयर्स को अलग कर लो। उसमें से क्रीम निकाल कर उसकी जगह ग्रीक योगर्ट और टोमैटो-सॉस मिक्स करके डाल दो। फिर बिस्किट के दोनों लेयर्स को पहले की तरह आपस में चिपका दो। चाहो तो इसे थोड़ी देर फ्रीजर में भी रख सकते हो, इससे बिस्किट के लेयर्स अच्छे से चिपक जाएंगे। ये क्रीम बिस्किट अपने किसी दोस्त को खिलाओ। इसे खाते ही तुम्हारा दोस्त कुछ अजीब-सा मुंह बनाएगा। इससे पहले कि वो गुस्सा हो, तुम 'अप्रैल फूल' बोलकर उसे गले लगा लो।

**खाली गिफ्ट वाला प्रैंक:** एक सादे पेपर पे स्केच-पेन या कलर पेंसिल से 'अप्रैल फूल' लिख लो। फिर इसे घर में पड़े किसी खाली डब्बे में रखकर, डब्बे को गिफ्ट-पेपर से पैक कर दो। पैकिंग इतनी खूबसूरती से करो कि लगे इसमें कोई अच्छी-सी चीज होगी। यह 'खाली गिफ्ट' अपने किसी दोस्त को देकर तुम उसे 'अप्रैल फूल' बना सकते हो। *

### रखो इस बात का भी ध्यान

**बच्चों,** हल्के-फुल्के हंसने-हंसाने वाले प्रैंक्स तो ठीक हैं। लेकिन किसी के साथ ऐसा प्रैंक मत करना कि वह डर जाए, उसे चोट लग जाए या किसी अन्य प्रकार की हानि पहुंचे या फिर उसे अपनी इंसल्ट महसूस हो। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखो, अगर तुम्हें कोई 'अप्रैल फूल' बना दे तो तुम नाराज या गुस्सा न होकर 'कूल' ही रहो। उसके साथ खुद भी हंसो, एंज्वॉय करो।

कविता / हरीश कुमार 'अमित'

# बनाया अप्रैल फूल!

ऑफिस में बैठे थे पापा, बजी फोन की घंटी,
बोल रहा था उधर से उनका नन्हा बेटा बंटी।
'पिक्चर का प्रोग्राम शाम का मम्मी और मैंने बनाया',
फोन पे बंटी जी ने अपने पापा को फरमाया।
मम्मी बोलीं, 'आप टाइम से थिएटर पे आ जाना,
देर से आकर बना न देना कोई भी बहाना।'
शाम को पापा पहुंच थिएटर, खूब-खूब चकराए,
क्योंकि न मम्मी, न बंटी नजर वहां पर आए।
हो रहे थे पापा उनको ढूंढ़-ढूंढ़ परेशान,




लिया उन्होंने उस थिएटर का कोना-कोना छान।
तभी मोबाइल पर पापा के फोन बंटी का आया,
बोला, 'क्या आपको अब तक समझ न आया?
आज तो है पहली अप्रैल, गए आप क्या भूल!
मम्मी और मैंने है बनाया, आपको अप्रैल फूल!'

## जीके क्विज- 97



1. हाल में किस पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री भारत आए थे?
2. राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति का क्या नाम है?
3. 'आईपीएल' क्रिकेट टूर्नामेंट का फुल फॉर्म क्या है?
4. सिक्किम की राजधानी का क्या नाम है?
5. हमारे शरीर के रक्त में कौन-सा धातु तत्व पाया जाता है?
6. क्लोरोफिल पेड़ों के किस भाग में पाया जाता है?
7. गोबी का मरुस्थल मुख्य रूप से किस देश में स्थित है?
8. नींबू में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. दिल्ली स्थित लाल किला का निर्माण किसने करवाया था?
10. न्यूटन, विज्ञान की किस शाखा के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे?

बच्चों, जीके क्विज-97 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-96 का उत्तर :** 1-अरुणाचल प्रदेश, 2-ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू, 3-19 अप्रैल, 4-लेक्टोमीटर, 5-महात्मा गांधी, 6-हवाई जहाज, 7-राजस्थान का, 8-आठ राज्यों से, 9-गंगा, 10-रूस

**जीके क्विज-96 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, दिलेश्वर-डोंगरगढ़, महक-दुर्ग, प्रतीक-कोरिया, महिमा-भोपाल, नाजिम-जबलपुर, शांतनु-रोहतक, प्रियंका-रायपुर, अभिषेक-चंडीगढ़, रजत-दिल्ली, निशा-बिलासपुर

## हंसगुल्ले



**चिंकू-** मिंकू, अगर मिस्टर बीन सो जाएंगे तो उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंकू -** पता नहीं यार, तू ही बता दे।
चिंकू - अरे वैरी सिंपल, तब बोलेंगे, सोयाबीन।
-नवीन, रायपुर

**पिंकी -** मेरे घर पर बहुत अच्छी चिड़िया है। वह अपना नाम बोल लेती है।
**मिक्की -** अच्छा, क्या नाम है उसका?
**पिंकी -** चीं-चीं।
-अखिल, बहादुरगढ़

भोलू और उसके पापा डेंटिस्ट की क्लीनिक से लौटते हुए।
**पापा-** भोलू, क्या तुम्हारा दांत अभी तक दर्द कर रहा है?
**भोलू-** पता नहीं पापा, वह तो डॉक्टर अंकल के पास है।
-प्रांजल, कोरबा

एक मच्छर जीना नहीं चाहता था। वह छिपकली के पास जाकर बोला, 'प्लीज छिप्पू, मुझे खा लो।'
छिपकली बोली, 'नहीं-नहीं, मुझे डेंगू हो जाएगा।'
-कमल, राजनांदगांव

कहानी

अलका जैन 'आराधना'

चिंकू के पापा की सख्त हिदायत थी कि इस बार अगर गणित, विज्ञान में अच्छे नंबर नहीं आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। चिंकू ने अपनी तरफ से पूरी मेहनत की फिर भी उसके अच्छे नंबर नहीं आए। उस पर बहुत बुरी बीती। क्या पापा ने उसको अपने कहे मुताबिक सजा दी?

# चिंकू बना अप्रैल फूल




परीक्षाएं खत्म होते ही चिंकू ने राहत की सांस ली। इन दिनों वह सुबह-शाम पार्क में जाकर देर तक खेलता है। दोपहर में भी वह अपनी छोटी बहन चिंकी के साथ कभी चेस तो कभी कैरम, कभी लूडो खेलता है। स्कूल 1 अप्रैल से खुलेंगे। अब चिंकू आठवीं कक्षा में आएगा। परीक्षा के बाद चार-पांच दिन तो बहुत अच्छी तरह से बीते, लेकिन फिर चिंकू को महसूस हुआ कि उसे थोड़ी घबराहट हो रही है। इसकी वजह थी रिजल्ट, जो जल्दी ही आने वाला था। उसे हर साल रिजल्ट की कोई खास चिंता नहीं रहती थी, लेकिन इस बार पापा ने कहा था कि अगर गणित और विज्ञान में नंबर कम आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। स्कूल से आते ही खाना खाने के बाद उसे ट्यूशन जाना होगा। चिंकू ट्यूशन जाने वाले बच्चों की हालत जानता था। बेचारे पढ़-पढ़ कर परेशान हो जाते हैं। उसने पूरी मेहनत की थी कि गणित और विज्ञान में अच्छे नंबर आएं, लेकिन वह तो सिर्फ मेहनत ही कर सकता था। पता नहीं क्यों उसे लग रहा था कि उसका खेलना-कूदना बंद होने वाला है। पापा इन दिनों उसको लेकर कुछ ज्यादा ही गंभीर नजर आ रहे थे।

आखिर वह दिन भी आ गया, जब चिंकू का रिजल्ट आया। जिसका डर था, वही हुआ। गणित, विज्ञान के अलावा बाकी सब विषयों में चिंकू के नंबर बहुत अच्छे थे। गणित और विज्ञान में उसे बस ठीक-ठाक नंबर ही मिले थे। यह तो गनीमत थी कि वह रिजल्ट लेने मम्मी के साथ आया था, पापा साथ आए होते तो सबके सामने ही उसे डांट पड़ती। मम्मी ने तो फिर भी बाकी विषयों में अच्छे नंबर लाने के लिए उसे शाबाशी दी।

रिजल्ट लेकर चिंकू घर लौटा तो उसका सारा दिन बहुत मुश्किल से बीता। ज्यों-ज्यों पापा के ऑफिस से आने का समय नजदीक आ रहा था, उसका दिल बैठा जा रहा था।

ऑफिस से आकर चाय पीने के बाद पापा ने चिंकू से कहा, 'बेटा, अपना रिपोर्ट कार्ड लाकर दिखाओ।'

चिंकू डरते-डरते अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आया। पापा ने एक नजर रिपोर्ट कार्ड पर डाली और फिर एक नजर चिंकू पर। उसकी नजर झुकी हुई थी। पापा ने उससे कुछ भी नहीं कहा। चिंकू को इस बात से हैरानी हुई, आखिर पापा उस पर गुस्साए क्यों नहीं?

चिंकू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। लेकिन उसके कान जरूरत से ज्यादा ही तेज हो गए थे। कुछ देर बाद उसने बालकनी में पापा को किसी से कुछ कहते सुना। पापा कह रहे थे, 'चिंकू के स्कूल में डे-बोर्डिंग की सुविधा है। मुझे उसका कल ही डे-बोर्डिंग में एडमिशन कराना है। वहां 2 बजे छुट्टी होगी, उसके बाद कुछ खा-पी लेने और रेस्ट के बाद वहीं स्कूल में 4 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चिंकू को ट्यूशन क्लासेस की सुविधा मिल जाएगी। 7.30 बजे मैं उसे घर ले आया करूंगा। फिर वह खाना खाकर और रिवीजन करके सो जाया करेगा। अब उसकी यही दिनचर्या ठीक रहेगी।'

यह सुनकर चिंकू का दिल बैठ गया। ट्यूशन जाने तक की बात तो ठीक थी, लेकिन अब घर रात को लौटना उसके लिए एक बड़ी सजा सी थी। चिंकू उदास होकर बैठ गया। कल से खुलने वाले स्कूल के लिए उसने अपना बैग जमा लिया था। उसे पता था कि डे-बोर्डिंग में जाने वाले बच्चे एक जोड़ी कपड़े अपने साथ रखते हैं, जो उन्हें स्कूल के बाद बदलने होते हैं। उसने बैग में कपड़े रख लिए। चिंकू मन ही मन सोच रहा था कि वह बच्चा ही क्या, जो खेलकूद ना सके। उसने पूरी कोशिश की थी गणित और विज्ञान में नंबर अच्छे आएं लेकिन नहीं आए तो क्या करे। यही सोचते-सोचते वह सो गया।

सुबह अलार्म की घंटी से जब उसकी आंख खुली तो उसे लगा घर के सभी लोग सो रहे हैं। मन ही मन वह अपने आप से बोला, 'ओहो तो आज से मुझे और ज्यादा बड़ा होना होगा। मुझे खुद ही स्कूल जाने की सारी तैयारी करनी होगी।'


चिंकू कमरे से बाहर आया तो उसने देखा बाहर टंगे हुए एक बड़े से गुब्बारे पर लिखा हुआ था, 'अप्रैल फूल बनाया... हमको मजा आया...!' यह देखकर चिंकू हैरान रह गया। तभी पापा अपने कमरे से बाहर निकले और उन्होंने झट से गुब्बारा फोड़ दिया। चिंकी जोर-जोर से ताली बजाने लगी। मम्मी हंसते हुई बोलीं, 'कैसा लगा अप्रैल फूल...!'

पापा हाथ में लिए लड्डू को चिंकू के मुंह में डालते हुए बोले, 'तुम्हारा पार्क में खेलने जाना जारी रहेगा, तुम कहीं डे-बोर्डिंग में नहीं जाओगे। तुम बस मन लगाकर पढ़ाई करते रहो, रिजल्ट की ज्यादा चिंता मत करो।'

चिंकू हर साल किसी न किसी को अप्रैल फूल बनाता था। इस बार तो वह इतना टेंशन में था कि उसे ध्यान ही नहीं रहा कि आज फर्स्ट अप्रैल है। वह खुद ही अप्रैल फूल बन गया। चिंकू हंसते हुए पापा के गले लग गया। उसने मन ही मन संकल्प ले लिया था, इस साल वह कड़ी मेहनत करके गणित और विज्ञान में बहुत अच्छे नंबर लाएगा। *

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 5 अंतर हैं। दो मिनट में सभी अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1. दूसरे वाले चित्र में जमीन पर रखा अंडा गायब है। 2. मुर्गी के गर्दन के नीचे पंख छोटे हुए हैं। 3. बाईं ओर वाली पहाड़ी हरियाली की ऊंचाई कम है। 4. दाईं ओर आसमान में बड़ा वाला बादल का टुकड़ा नहीं है। 5. मुर्गे के पीछे पंखों के बिल्कुल आगे में पूरा पंख नहीं दिख रहा है।

## गिनकर बताओ


बच्चों, दिए गए चित्र में शिमला मिर्च और तरोई दिखाई दे रहे हैं। तुम्हें शिमला मिर्च और तरोई की अलग-अलग संख्या गिनकर बतानी है।



उत्तर: शिमला मिर्च 18, तरोई 24

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चों, यहां एक कॉलम में कुछ जानवर और दूसरे कॉलम में उनकी परछाइयों के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें इनका सही मिलान करना है। जल्दी से इनका सही जोड़ा तो बनाओ।




उत्तर: 1-C, 2-A, 3-E, 4-B, 5-D

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य के लिए दांतों की सफाई जरूरी : नितिन

**गोहाना।** मदीना गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आशा वर्कर्स को मौखिक स्वास्थ्य बारे जागरूक किया गया। दंत विशेषज्ञ डॉ. नितिन ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए मौखिक स्वास्थ्य बहुत ही जरूरी है। स्वस्थ मुख ही स्वस्थ जीवन का आधार है। डॉ. नितिन ने आशा वर्कर्स को दांतों की सफाई बारे जरूरी टिप्स दिए और मुख के कैंसर सहित अन्य बीमारियों बारे भी जानकारी दी। वे बोले कि दांतों की सफाई के लिए रोजाना दिन में दो बार ब्रश करें। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स फ्रंट लाइन वर्कर्स हैं।

### पूर्व पार्षद मोनिका गर्ग के ससुर का निधन

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद मोनिका गर्ग एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता गजानंद गर्ग के पिता कृष्ण कुमार गर्ग का वीरवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। शुक्रवार को शहर के रामबाग शमशान घाट में उनकी अंत्येष्टि की गई। उनकी अंतिम यात्रा में भाजपा नेता बिजेंद्र दलाल, डॉ. पंकज जैन, कांग्रेस नेता राजेश जून, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, पूर्व पार्षद वजीर राठी, पंडित राज सिंह पहलवान, पार्षद रमन यादव, विशाल आदि सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### देसी कट्टे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए-3 की टीम ने मंगलेश्वर माजरी के निकट एक नाबालिग को देसी कट्टे और खाली कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि एक गांव निवासी नाबालिग हथियार के साथ मंगलेश्वर माजरी से अपने गांव की ओर जा रहा है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम मौके पर पहुंच गई। नाबालिग ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सीआईए की टीम ने उसे काबू कर लिया। उसके कब्जे से देसी कट्टा और खाली कारतूस बरामद हुआ।

### पहली कक्षा में दाखिले के लिए न्यूनतम आयु छह वर्ष

**झज्जर।** एफएलएन के जिला संयोजक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से पहली कक्षा में दाखिल लेने वाले नौनिहालों की उम्र अब कम से कम साढ़े पांच होना जरूरी है। इससे कम उम्र वाले नौनिहालों को पहली कक्षा में दाखिला नहीं मिल पाएगा।

### बैंक कॉलोनी से ई-रिक्शा चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर की बैंक कॉलोनी में रात के समय गली में ई-रिक्शा खड़ी करना एक चालक को भारी पड़ गया। किराए पर रहने वाले सतीश ने अपनी ई-रिक्शा को मंगलवार रात को गली में खड़ा किया था। लेकिन बुधवार सुबह ई-रिक्शा गायब थी।

### जसौरखेड़ी स्कूल में एसएमसी सभा

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को जसौरखेड़ी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एसएमसी सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रवीण की अध्यक्षता में हुई एसएमसी की सभा में सदस्यों को स्कूल में ज्यादा से ज्यादा नामांकन करवाने के लिए प्रेरित किया गया।

### अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की दो टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को पकड़ा गया है। थाना दुजाना क्षेत्र में पकड़े गए आरोपी की पहचान कर्ण निवासी छोटी कसेर जिला बुलंदशहर यूपी हाल गांव खेड़ी खुम्मार जिला झज्जर के तौर पर की गई है। वहीं पुलिस चौकी छुछकवास से पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रीतम निवासी अच्छेज जिला झज्जर के तौर पर की गई।

बच्चों के बौद्धिक विकास को लेकर सेमिनार

# स्वस्थ मन और मस्तिष्क से ही संभव है सर्वांगीण विकास

सेमिनार में वक्ताओं ने सभी से अपने और बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषि कुल वर्ल्ड एकेडमी में बच्चों के व्यवहार और प्रसन्नचित वातावरण उपलब्ध कराने हेतु एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व वक्ता धीरज वरेजा एवं कविता खन्ना रहे। इस अवसर पर वर्ल्ड एकेडमी के प्रबंधक नीरज शर्मा और रीमा शर्मा विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा आज की इस दौर में यह आवश्यक है कि हम सभी अपने और बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें जिसमें खुश होकर नवीन जिज्ञासाओं के साथ विद्यालय आएं। इससे अधिगम करना जहां छात्रों की लिए आसान होगा वही अध्यापकों के लिए भी सिखाना सुगम हो जाएगा। इस सेमिनार का मुख्य विषय जहां बच्चों के लिए मित्रवत ,प्रसन्नचित वातावरण कैसे उपलब्ध कराना था। शुक्रवार को ऋषि कुल वर्ल्ड एकेडमी में बच्चों के व्यवहार और प्रसन्नचित वातावरण उपलब्ध कराने हेतु एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी विषयों की जानकारी रोचक पूर्ण तरीके से दी इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका चंचल शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें धन्यवाद दिया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्कूल स्टाफ व अन्य।




खरखौदा। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या सुमित राणा।

### अभिभावकों को दी बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट

**खरखौदा।** हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक शिक्षक बैठक प्राचार्या सुमित राणा व स्कूल संचालक अनीश दहिया की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों को दी गई। जिसमें बच्चों द्वारा स्कूल में की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया गया। वहीं, स्कूल में अलग-अलग अवसरों पर करवाई गई गतिविधियों में भाग लेकर जिन बच्चों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया उन बच्चों को सर्टिफिकेट व पदक के साथ सम्मानित किया गया। कक्षा में शैक्षणिक स्तर पर प्रथम 10 विद्यार्थियों को पदक के साथ सम्मानित किया गया। प्राचार्य सुमित राणा व अनीश दहिया ने बताया कि सभी अभिभावकगण अपने बच्चों के परिणाम को लेकर बेहद प्रसन्न थे, यही उनके लिए गर्व की बात है।

# भारत के 6 राज्यों से 80 युवाओं को राष्ट्रपति भवन का भ्रमण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

युवाओं को देश की राजधानी दिल्ली में देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति के निवास स्थान राष्ट्रपति भवन में मार्च के महिने में भ्रमण करने का अवसर प्राप्त हुआ। नेशनल सोशल आर्गेनाईजेशन की ब्रांच सोनीपत के रामनिवास ने बताया कि भवन में अमृत उद्यान उत्सव मनाया जा रहा है, जिसके लिये देश के नागरिकों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करके जाने का मौका मिल सकता है। भवन फुवारे और फूलों व बगीचों से सजा हुआ है, सभी युवाओं ने सैकडो तरह के फूलो को निहारा व उनकी खुशबू से मंत्रमुग्ध हो गये। रामनिवास ने भारत के 6 राज्यों से आए सभी साथियों को शान्ति पूर्वक घुमाया और साथ ही नशा मुक्ति व युवा शक्ति को लेकर संदेश दिया जिसमें हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश , उत्तराखंड, राजस्थान आदि से 30 युवक व 50 युवतियां कुल 80 युवाओं के साथ सभी युवा को उत्सव का भ्रमण करने के बाद राष्ट्रपति भवन के संग्रहालय में जाकर अपने भारत के इतिहास के बारे में जानने का मौका मिला! इसके बाद सभी युवा अपने-अपने घरों के लिए वापस रवाना हुए व देर रात तक सुकुशल सुरक्षित अपने-अपने घर पहुँचे।



सोनीपत। भ्रमण के दौरान युवक व युवतियां। फोटो : हरिभूमि

### भूपेन्द्र भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष बने

**गोहाना।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा भाजपा नेता भूपेन्द्र मुदगिल को युवा मोर्चा सोनीपत के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे बोले कि उनको सौंपी गई इस जिम्मेवारी का वे ईमानदारी से निवर्हन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे।



नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के उत्थान के लिए नीतियों का निर्माण किया है। पंक्ति के अंत में खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. मनोज कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश में होने वाले लोकसभा आम चुनाव व विधानसभा उप-चुनाव को सात चरणों में संपन्न करवाया जा रहा है। आयोग के निदेर्शानुसार अगर किसी राज्य का व्यक्ति किसी अन्य राज्य में किसी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या अन्य प्रतिष्ठद्दान में कार्यरत है तो वह मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग करने के लिए अपने गृह राज्य में जा सकते है। उन्होंने कहा कि इस दिन उस कर्मचारी को सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के तहत किसी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या अन्य प्रतिष्ठद्दान में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश के साथ मतदान करने का अधिकार दिया गया है। इस अधिकार का एक ही उद्देश्य है कि देश के सभी मतदाता अपने मतदान का प्रयोग कर देश में मतबूत लोकतंत्र को स्थापित करने में अपनी भूमिका निभा सके।

# भाजपा ने खरखौदा में खोला कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

लोकसभा क्षेत्र सोनीपत से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने शुक्रवार को खरखौदा में चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया और कहा कि उन्होंने सदैव कार्यकताअरं की भावनाओं का सम्मान किया है। भविष्य में भी उनके प्रति समर्पित रहेंगे, क्योंकि उनके बूते ही चुनावी नैया पार लगेगी। वैसे वे एकदम व्यवस्थित तरीके से चुनाव लड़ेंगे। विधानसभा क्षेत्र खरखौदा प्रभारी प्रदीप सांगवान ने कहा कि यह दहिया बहुल क्षेत्र है जो रिश्तेदारी को महत्व देते हैं। इस दृष्टि से भूपेंद्र सिंह हुड्डा यहां के बटेऊ हैं, तो वह भांजे। प्रीतम खोखर ने कहा कि इस क्षेत्र से भाजपा की हार होती रही है। इस बार इतिहास को बदलना होगा। जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, पूर्व चेयरपर्सन मीना नरवाल, पार्षद मंजीत भोला, भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, ब्लॉक समिति के चेयरमैन सत्ते रोहट आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि स्वयं को प्रत्याशी समझ कर मेहनत करें। इस अवसर पर बीर पहलवान, रविंद्र दिलावर, आजाद नेहरा आदि रहे।



खरखौदा। कार्यालय उद्घाटन पर मोहनलाल बड़ौली हवन यज्ञ में आहुति डालते मोहनलाल बडोली। फोटो : हरिभूमि

# जिला उपायुक्त ने कार्यों की समीक्षा की

- इंजीनियरिंग ब्रांच की कार्यशैली पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दी चेतावनी
- वर्ष 2021 से 2024 तक के कार्यों की रिपोर्ट तलब करते हुए दिए जरूरी दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पंचायती राज संस्थाओं के अंतर्गत किये जाने वाले विभिन्न कार्यों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने इंजीनियरिंग ब्रांच की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी दी कि सभी कार्य नियमानुसार और समयबद्धता के साथ करवायें। जारी विकास कार्यों के लिए उन्होंने समय का निर्धारण करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त कैंप कार्यालय में दोपहर बाद पंचायती राज संस्थाओं के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उपायुक्त ने वर्ष 2021-2022 तथा 2022-2023 और 2023-2024 वित्त वर्षों के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने लंबित कार्यों की विशेष रूप से पड़ताल की, जिनमें पार्क, ग्राम सचिवालय, लाईब्रेरी, तालाब आदि शामिल रहे। साथ में उन्होंने जारी कार्यों की रिपोर्ट लेते हुए एक-एक कार्य पर चर्चा की। इनमें व्यायामशालाएं, खांडा में गलियों का निर्माण, नाहरी में गंदे पानी की निकासी, थाना खुर्द में सामुदायिक केंद्र, नांदनौर व बड़ौली तथा पलड़ी खुर्द में स्टेडियम, निजामपुर माजरा-पट्टद्दी ब्राह्मद्दणान-गोरड़-तुर्कपुर-शाहपुर तथा महमूदपुर माजरा में पार्क कम व्यायामशाला और कुराड़ इब्राहिमपुर में रिटेनिंग वॉल आदि कार्य शामिल रहे। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अमृत सरोवरों पर भी विस्तार से मंथन करते हुए हर अमृत सरोवर की रिपोर्ट ली। उन्होंने एक्सईएन को निर्देश दिए कि हर अमृत सरोवर की पूर्ण स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एचआरडीएफ के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों पर भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की। बिधलान में फिरनी निर्माण कार्य के अवरूद्घ होने पर आपत्ति दर्ज करवाते हुए उन्होंने कहा कि पैमाईश फाइनल है। यदि किसी को आपत्ति हो तो वह पैमाईश दोबारा करवा सकता है, किंतु पैमाईश होने के बाद कोई कार्य रूकना नहीं चाहिए। उपायुक्त ने ग्रे-वाटर के कार्यों की भी पड़ताल की।

# किसानों को सरसों का नहीं मिल रहा समर्थन मूल्य

- 1 अप्रैल को पूरे प्रदेश में मंडियों के गेटों के बाहर धरने देने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने सरकार की गलत नीतियों के कारण व्यापारी व किसान बबार्दी की कगार पर हैं। किसान सरसों को बेचने के लिए धक्के खा रहे हैं लेकिन कई जगह सरकारी खरीद न होने से न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं की तो वे सडकों पर उतरेंगे। मांग पूरी न होने पर एक अप्रैल को प्रदेश की अनाज मंडियों के गेटों पर धरने देकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने यह बात अनाज मंडी में सरसों की खरीद का जायजा लेकर संवाददाताओं से कही। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार सभी फसलें अनाज मंडियों के आढ़तियों के माध्यम से खरीदे। सरसों, नरमा के साथ-साथ हर अनाज खरीद पर आढ़तियों को ढाई प्रतिशत आढ़त दी जाए। सरकार ने पहले गेहूं पर 9.99 रुपये व धान पर 9.19 रुपये आढ़त कम की। सरकार बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी मंडियां बंद करना चाहती है। व्यापार मंडल में गोहाना अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष को प्रदेश सचिव बनाया गया। इस मौके पर रामधन भारतीय, लाला रामधारी, विनोद जैन, राजेश गर्ग, रामधन गोयल, नरेंद्र बंसल, नीरज, रामनिवास गोयल, सत्यनारायण मित्तल, राजेश जैन, श्रीपाल सिंगल, रमेश गोयल, सतीश गोयल, जय नारायण गुप्ता, मोहन वर्मा, राजेंद्र कुंडू मौजूद रहे।



पत्रकारों के साथ बातचीत करते बजरंग गर्ग व आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

# 200 विद्यार्थियों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

थाना खुर्द स्थित द स्टैनफोर्ड स्कूल में एक दैनिक समाचार पत्र के बैनर तले छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित करवाई गई । जिसमें 10 विद्यालयों के लिए एक परीक्षा केंद्र द स्टैनफोर्ड स्कूल में बनाया गया था। जिसमें 210 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने बच्चों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की परीक्षा में भाग लेने से बच्चों में आत्मविश्वास और भावी भविष्य तैयार करने की भावना आती है। साथ में उन्हें अपनी प्रतिभा को जांचने - परखने का अच्छा अवसर मिलता है। उक्त कार्य अभिभावकों के सहयोग से ही संपन्न हुआ। जिसमें अभिभावकों ने अपनी अग्रणी भूमिका निभाई है।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीत नैन ने विद्यार्थियों आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। परीक्षा का परिणाम आने के बाद प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।



खरखौदा। छात्रवृत्ति की परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित मंच की शाखा पब्लिक हेल्थ ब्रांच से सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह जिला मुख्यालय पब्लिक हेल्थ ब्रांच यूनियन कार्यालय नियर लघु सचिवालय जलघर प्रांगण सोनीपत में आयोजित किया गया । सम्मान समारोह ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि आज सुरेश कुमार शर्मा डब्लूपीओ ग्रेड वन जनस्वास्थ्य विभाग से अपनी 33 वर्ष की लंबी सेवा अवधि के उपरांत सकुशल स्वास्थ्य के साथ विभाग से सेवानिवृत्ति हुए सुरेश कुमार शर्मा द्वारा विभाग और संगठन के कामों के प्रति निष्ठा और सेवा भावनाओं जिम्मेदारी पूर्ण कर्तव्य परायणता के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया संगठन और सभी कर्मचारी साथियों द्वारा साथी का उपहार और फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और साथी की लंबी स्वस्थ दीघार्यु की कामना की वहीं सम्मान सेवानिवृत्ति समारोह की शुरूआत उपमंडल अभियंता विरेन्द्र सिंह जैन प्रदीप कुमार द्वारा कर्मचारी साथी सुरेश कुमार शर्मा को पगड़ी पहनाकर समारोह की शुरूआत की। सेवानिवृत्ति सम्मान दिवस समारोह में विशेष रूप से सर्वश्री कनिष्ठ अभियंता मंजीत सिंह यादव नितिन सैनी एसडीसी रामनरायण शर्मा जगमेंदर सिंह विष्णु दत भारद्वाज सतीश कुमार रंगा मोहन सिंह सुरेंद्र सिंह धरमबीर सुरेश नैयर देवेंद्र कुमार सतबीर शर्मा रणबीर सिंह राजबीर तेज प्रकाश गौड़ सुंदर सिंह शंभू नरेश संजय दलीप सिंह अमित कुमार धर्मेन्द्र रामेश्वर आदि रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

विश्व क्षय रोग दिवस पर बहुविषयक क्विज आयोजित

# टीबी के 27 प्रतिशत मामले भारत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बीपीएस राजकीय मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां में पीजी छात्रों, युवा डॉक्टरों और संकायों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए एक बहुविषयक पीजी क्विज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 6 विभागों (सामान्य सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, ईएनटी, जनरल मेडिसिन, बाल रोग, श्वसन चिकित्सा) की टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को संस्थान के निदेशक डा. जगदीश चन्द्र दुरेजा ने सम्मानित किया।

निदेशक डा. दुरेजा ने कहा कि देश को टीबी मुक्त करने के लिए डॉक्टर्स अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए अगर आपको कहीं भी टीबी का मरीज मिलें उसे इलाज करवाने के लिए प्रेरित करें। संस्थान में टीबी का फ्री इलाज किया जाता है। कार्यक्रम में प्रो. एवं प्रमुख श्वसन चिकित्सा एवं नोडल अधिकारी एनटीईपी डा. आनंद अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक तपेदिक के 27 प्रतिशत मामले भारत में रहते हैं। उनमें से 15 प्रतिशत अतिरिक्त फुफ्फुसीय होते हैं और पॉसिबैसिलरी प्रकृति के कारण पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके निदान करना मुश्किल होता है। इस मौके पर एचओडी एनाटॉमी डा. एपीएस बत्रा, एमएस डा. धीरज परिहार, डिप्टी सीएमओ डा. तरूण यादव, एचओडी ईएनटी डा. उमा गर्ग, एचओडी पीडियाट्रिक्स डा. मनोज रावल, एचओडी पीएसएम डा. एसके झा, डा. सरिता यादव, डा. कमलजीत सिंह, डा. सुनैना खरब सहित विभिन्न विशिष्ट एनटीईपी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




गोहाना। कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### नाकेबंदी के दौरान चोरी की बाइक सहित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान चोरी की बाइक सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल उर्फ चिचड़ निवासी खेड़ी मनाजात का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### महिलाओं को दिलवाई मतदान की शपथ

**खरखौदा।** निजामपुर खुर्द गांव में डब्ल्यू सीडीपीओ निर्मला देवी ने ग्रामीण महिलाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। वे गांव में आयोजित मतदान जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची थी। संयोजन सर्कल सुपरवाइजर सुदेश, आंगनवाड़ी वर्कर सुषमा द्वारा किया गया।

### हिंदू नववर्ष पर 8 को लगेगा रक्तदान शिविर

**गोहाना।** हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में 8 अप्रैल को मानव मित्र ट्रस्ट शहर की पुरानी अनाज मंडी की पार्किंग में रक्तदान शिविर लगाएगा। यह रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित करेंगे।

चार मंडियों में सरसों तथा 24 मंडियों व खरीद केन्द्रों पर होगी गेंहू की खरीद

# रबी फसल की खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध करें संबंधित अधिकारी: उपायुक्त

**मंडियों में बिजली, पानी, साफ-सफाई व प्रबंधों का रखें विशेष ध्यान, संबंधित एसडीएम मंडियों का करें निरीक्षण, अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने वीसी से की फसल खरीद प्रबंधों की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान निर्देश देते हुए जिला उपायुक्त।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि रबी फसल की एक अप्रैल से खरीद शुरू हो जाएगी। पिछले सीजन की भांति इस बार भी गेहूं फसल की सुचारू रूप से खरीद प्रक्रिया हो और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारी मंडियों व खरीद केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाओं को पुख्ता करने के साथ-साथ मंडियों में बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य प्रबंधों का समय-समय पर निरीक्षण करें। रबी सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा की वीसी के माध्यम से सभी जिला उपायुक्त को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वीसी के उपरांत उपायुक्त ने कहा कि रबी सीजन के दौरान सरसों की खरीद के लिए सोनीपत, गोहाना, गन्नौर तथा खरखौदा की मण्डियां निर्धारित की गई है, जहां पर निर्धारित 5650 रुपए प्रति क्विंटल की दर से हैफेड द्वारा खरीद जा रही है। उन्होंने हैफेड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरसों की खरीद को लेकर सभी पुख्ता इंतजाम करवाना सुनिश्चित करें ताकि किसान की फसल को समय पर खरीदा जा सके और मण्डी से इसके उठान के लिए भी पूरी तैयारी करें ताकि समय पर उठान किया जा सके। बैठक में एसडीएम अमित कुमार, एसीपी मलकीत, डीआरओ हरिओम अत्री, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक डॉ० पवन शर्मा, डीएफएससी बिंसल कुमार, मार्केट कमेटी के सचिव जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

**जिले में अलग-अलग स्थानों पर 24 मंडियां व खरीद केंद्र**

उपायुक्त ने कहा कि जिला में गेंहू की खरीद के लिए 24 मण्डियां व खरीद केन्द्र बनाएं गए है जहां पर निर्धारित 2275 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू की खरीद की जाएगी। जिला में खाद्य विभाग, हैफेड, एफसीआई तथा एचडब्ल्यूसी द्वारा गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की सभी मंडियों का निरीक्षण कर उनमें सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इसके साथ ही संबंधित एसडीएम मंडियों का दौरा करें और वहां पर खरीद प्रक्रिया के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने बताया कि अबकी बार गेहूं की अधिक आवक होने की संभावना है, इसलिए गेहूं के उठान व भंडारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# संस्था के 57 वें वार्षिकोत्सव पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिला व अन्य।

आर्य समाज ऋषि नगर बत्रा कालोनी सोनीपत के तत्वावधान में 57 वां वार्षिकोत्सव संस्था प्रधान विनोद कुमार बत्रा की अध्यक्षता तथा आचार्य सोम देव मीमांसा तीर्थ सवाईमाधोपुर राजस्थान के गतिशील और प्रेरक ब्रह्मत्व मे हवन यज्ञ से शुभारम्भ हुआ। जिसमें उन्होंने बताया कि यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है जिससे वातावरण की शुद्धि, असाध्य रोगों का निवारण तथा शुभ मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। वैदिक प्रवक्ता हरि चन्द स्नेही नें मंच का कुशल संचालन किया। पण्डित सत्य प्रकाश आर्य ने यज्ञ संयोजक के रुप में उत्तरदायित्व कुशलतापूर्वक संभाला। यज्ञोपपरान्त अमृतसर से आमन्त्रित संगीतरत्न दिनेश आर्य पथिक ने परमेश्वर की भक्ति, स्वामी दयानन्द जीवन चरित्र, सामाजिक, धार्मिक, जीवन निर्माण और नैतिकता के प्रभावशाली, प्रेरणादायक और अनुकरणीय गीतों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आर्य जगत के उच्चतम कोटि के वैदिक विद्वान और मुख्य वैदिक प्रवक्ता आचार्य सोम देव मीमांसा तीर्थ ने वेद वेद मन्त्र के उच्चारण करनें के पश्चात बताया कि विद्वानों के कथनानुसार चौरासी लाख योनियों में मनुष्ययोनी सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि परमेश्वर ने मनुष्य को बुद्धि प्रदान की है जिसके आधार पर व्यक्ति जीवन निर्माण कर सकता है। गायत्री मंत्र बुद्धि प्रदान करता है। बुद्धि सात प्रकार की होती है, सामान्य बुद्धि जो समस्त प्राणियों में होती है। बुद्धि के अन्य प्रकार केवल मनुष्य में होती है जिसमें दूसरी श्रवण बुद्धि अर्थात सुनना, तीसरी ग्रहण बुद्धि, चौथी धारण बुद्धि , पांचवीं तार्किक बुद्धि सत्य असत्य का बोध करवाना, छटी प्रसंग के अनुसार वस्तुओं का चयन करना तथा सातवीं ब्रह्म प्राप्ति बुद्धि अर्थात संसार में रहते हुए परमेश्वर की ओर अग्रसर होते रहना।

# नगर निगम द्वारा संपत्तिकर न जमा करवाने पर 52 प्रॉपर्टी धारकों को डिफाल्टर की श्रेणी में किया सूचित

- **डिफाल्टर श्रेणी के 52 प्रॉपर्टी धारकों पर लगभग 12 करोड़ 30 लाख रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स के साथ-साथ 58 लाख 22 हजार रुपए फायर टैक्स का है बकाया**

**सोनीपत।** नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले ऐसे संपत्तिकरदाता जिन्होंने अभी तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया है उन्हें नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि नोटिस जारी करने के बाद भी जो संपत्तिकरदाता अपना टैक्स जमा नहीं करवा रहे हैं उनके खिलाफ नगर निगम एक्ट-1994 के अंतर्गत सीलिंग की कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र के 52 प्रॉपर्टी धारकों को संपत्तिकर न जमा करवाने पर डिफाल्टर की श्रेणी में सूचित किया गया है। इन प्रॉपर्टी धारकों में निगम क्षेत्र के विभिन्न स्कूल, विभिन्न धार्मिक संस्थाएं, होटल व अन्य सस्थाएं व व्यक्ति शामिल है। उन्होंने बताया कि इन सभी 52 डिफाल्टर प्रॉपर्टी धारकों पर लगभग 12 करोड़ 30 लाख रुपए प्रॉपर्टी टैक्स के साथ-साथ 58 लाख 22 हजार का फायर टैक्स बकाया है।

# महिला विवि के दो गैर शिक्षक सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। सेवानिवृत्त कर्मचारी कृष्णा को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दो गैर-शिक्षक कर्मचारी विश्वविद्यालय सेवा से निवृत्त हो गए। महिला विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग के लाइब्रेरी कर्मचारी सुरेंद्र तथा पॉलिटेक्नीक कॉलेज की कर्मचारी कृष्णा सेवानिवृत्त हुए। उन्हें प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

कुलपति कार्यालय स्थित कांफ्रेंस कक्ष में कुलपति प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। प्रो सुदेश ने कहा कि कर्मचारियों से ही एक संस्थान बनता है और कर्मचारी विश्वविद्यालय के ब्रांड एंबेसडर हैं। कुलपति ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, रजिस्ट्रार डॉ. नीलम मलिक, कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार, पॉलिटेक्नीक कॉलेज की प्रिंसिपल किरण जिंदल, सेंट्रल लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन डॉ अशोक कुमार तथा एआर प्रदीप ढुल ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संबंधित विभागों की ओर से भी सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई।

# बिधलान में शीतला माता मंदिर में मेला एक को

**खरखौदा।** गांव बिधलान में पहली अप्रैल सोमवार को चैत मास की सप्तमी को शीतला माता मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्था के सदस्यों के साथ सरपंच सुभाष पहलवान ने बैठक करके मेले की तैयारियों व श्रद्धालुओं की व्यवस्था के बारे में समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि अबकी बार पार्किंग की व्यवस्था राजकीय स्कूल के खेल मैदान और मन्दिर परिसर के पीछे 4 एकड़ में कई गई है। मेले में दहिया खाप के लगभग 60 गांव और आसपास से श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगने शीतला माता मंदिर में पहुंचते हैं। यहां पर नवविवाहित जोड़े व संतान प्राप्ति होने पर दूर-दूर के इलाकों से भी श्रद्धालु माता का आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं। मेले में श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था ग्रामीणों द्वारा की जाती है।

# जिला परियोजना अधिकारी संगीता गौड़ हुई सेवानिवृत

- **उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। सेवनिवृत अधिकारी को सम्मानित करते हुए जिले के अधिकारी।

अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में परियोजना अधिकारी संगीता गौड़ की सेवानिवृति पर उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपायुक्त ने परियोजना अधिकारी संगीता गौड़ के उज्ज्वल भविष्य व दीघार्यु की कामना करते हुए उनसे उम्मीद की कि वे हमेशा सामाजिक सरोकार के कार्यों में भी अपनी भूमिका अदा करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि सेवानिवृति सरकारी सेवा का एक हिस्सा है। ड्यूटी ज्वाइन के दौरान ही अधिकारी व कर्मचारी की सेवानिवृति की तिथि लिख दी जाती है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का कत्तव्य बनता है कि वह समाज व राष्ट्र के नव निर्माण में अहम भूमिका निभाए। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने भी परिजयोजना अधिकारी संगीता गौड़ को विभाग में लगभग 33 वर्ष की सेवाएं पूर्ण होने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अपनी सरकारी सेवा का अनुभव व अपने आस पड़ोस व क्षेत्र के लोगों के साथ सांझा करें और उन्हें भी देशहित के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण विकास योजनाओं को कुशल और प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने में इनकी सराहनीय भुमिका रही है। इसके अलावा नगराधीश पुजा कुमारी सहित उपायुक्त कार्यालय एवं अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी परिजयोजना अधिकारी की सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिजयोजना अधिकारी संगीता गौड़ ने बताया कि उन्होंने जुलाई 1991 में परियोजना अधिकारी के तौर पर कार्यभार संभाला था। उन्हें ग्राम सचिव अवार्ड, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा उत्कृष्ट स्वीप कार्य के लिए, अतिरिक्त उपायुक्त सोनीपत द्वारा उत्कृष्ट स्वीप कार्य के लिए सम्मानित किया।